**दिनांक 22.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में INTERIOR AND FURNISHING WORKS FOR EXTENSION OF PATNA HIGH COURT, PATNA कार्य के समयवृद्धि के प्रस्ताव पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 3. | **श्री ब्रजेश कुमार,**<br>मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |
| 4. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |

कार्यवाहीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **योजना का नाम एवं प्रस्ताव** | - | **INTERIOR AND FURNISHING WORKS FOR EXTENSION OF PATNA HIGH COURT, PATNA कार्य के समयवृद्धि के संबंध में।** |
| 2. | **योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** | - | ₹19.37 करोड़ (विधि विभाग का ज्ञापांक 8946 दिनांक 16.12.2019) |
| 3. | **विषयांकित कार्य हेतु एकरारनामा की राशि** | - | ₹19,98,25,283.00 |
| 4. | **संविदक का नाम** | - | P S INFRASTRUCTURES, AT-POST OFFICE GALI, JAMAL ROAD, PATNA |
| 5. | **एकरारनामा संख्या** | - | SBD-18/2019-20 |
| 6. | **एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि** | - | 09.03.2020 |
| 7. | **एकरारनामा के अनुसार पूर्ण करने की तिथि** | - | 08.05.2020 (02 माह) |

8. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

INTERIOR AND FURNISHING WORKS FOR EXTENSION OF PATNA HIGH COURT, PATNA के निर्माण कार्य का एकरारनामा संविदक P S INFRASTRUCTURES, AT-POST OFFICE GALI, JAMAL ROAD, PATNA से किया गया जिसका एकरारनामा संख्या-SBD-18/2019-20 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 09.03.2020 तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 08.05.2020 है।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 417 अनु0 दिनांक 15.09.2025 के द्वारा दिनांक 13.03.2021 तक समयवृद्धि की स्वीकृति का प्रस्ताव अनुशंसा के साथ समर्पित किया गया है।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के द्वारा समर्पित किये गये समयवृद्धि के प्रस्ताव में उल्लेखित विलम्ब का कारण की विस्तृत समीक्षा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। दिनांक 28.06.2024 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में विषयांकित कार्य के असैनिक कार्य को दिनांक 26.02.2021 तक समयवृद्धि प्रदान की गयी। असैनिक कार्य के दिनांक 26.02.2021 के समाप्ति के उपरांत फर्नीचर अधिष्ठापन कार्य प्रारंभ हुआ, जो कि दिनांक 13.03.2021 को सम्पन्न हुआ। इस प्रकार कार्य पूर्ण कराने में कुल 15 दिन का समय लगा। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 08.05.2020 से दिनांक 13.03.2021 तक अर्थात कुल 310 दिनों के समयवृद्धि को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सही पाया गया।

9. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल के द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरात तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या-2106(एस) दिनांक 07.03.2017 के आलोक में सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु दिनांक **13.03.2021** तक कुल 310 दिनों की समयवृद्धि स्वीकृत करने की अनुशंसा विभागीय निविदा समिति से इस शर्त के साथ की जाती है कि दिनांक **13.03.2021** तक के समयवृद्धि की अवधि में संवेदक को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति/एस0बी0डी0 के कंडिका-10सी0सी0/10सी0ए0 के तहत सामग्रियों के दर में बढ़ोत्तरी का दावा मान्य नहीं होगा। कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना इस संबंध में कार्यकारी एजेन्सी से शपथ पत्र प्राप्त कर ही अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

10. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-

सम्यक् विचारोपरात विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में विषयांकित कार्य का समयवृद्धि दिनांक **13.03.2021** तक स्वीकृत करने का निर्णय पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या-2106(एस) दिनांक 07.03.2017 के आलोक में इस शर्त के साथ लिया गया कि दिनांक **13.03.2021** तक के समयवृद्धि की अवधि में संवेदक को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति/एस0बी0डी0 के कंडिका-10सी0सी0/10सी0ए0 के तहत सामग्रियों के दर में बढ़ोत्तरी का दावा मान्य नहीं होगा। कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना इस संबंध में कार्यकारी एजेन्सी से शपथ पत्र प्राप्त कर ही अग्रेतर कार्रवाई करेंगे। समयवृद्धि की स्वीकृति संबंधी आदेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता(पटना) को प्राधिकृत किया गया।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22/1/26 | 22/01/2026 | 22/1/26 | 22/1/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (ब्रजेश कुमार)<br>मुख्य अभियंता(पटना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | (कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0प्राक0-1-145/2016(अंश)-285(P) पटना, दिनांक-22.01.26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22/01/2026

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना